भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *52

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2024 को दिया जाना है।

.....

पोलावरम परियोजना

52. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पोलावरम परियोजना के प्रत्येक घटक के अंतर्गत वर्ष-वार कितनी प्रगति हुई है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त परियोजना के लिए घटक और वर्ष-वार केन्द्र और राज्य द्वारा कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई;

(ग) सरकार का इस परियोजना को कब तक पूरा करने का लक्ष्य है; और

(घ) क्या सरकार ने यह पता लगाने के लिए कोई अध्ययन/अनुसंधान/सर्वेक्षण कराया है कि उक्त परियोजना के पूरा होने में विलंब के क्या कारण हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री (श्री सी. आर. पाटील)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

"पोलावरम परियोजना" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू और श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा लोक सभा में दिनांक 25.07.2024 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *52 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): पोलावरम सिंचाई परियोजना (पीआईपी) को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 द्वारा एक राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया था। वित्त मंत्रालय के वर्ष 2016 के अनुमोदन अनुसार, भारत सरकार को 1.4.2014 से शुरू होने वाली अवधि से केवल परियोजना के सिंचाई घटक की शेष लागत का 100% प्रदान किया जाएगा। भारत सरकार की ओर से इस परियोजना का कार्यान्वयन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान, पोलावरम सिंचाई परियोजना के विभिन्न घटकों की वर्ष-वार वास्तविक प्रगति नीचे दर्शाई गई है।

क्र.सं.	घटक	मद	वर्ष के दौरान प्रगति (कुल मात्रा % में)		
			2021-22	2022-23	2023-24
1	हेडवर्क्स	अर्थवर्क	10.20 %	2.42%	7.82%
		कंक्रीट	4.70%	0.14%	0.56%
2	दाहिनी तरफ की मुख्य नहर	अर्थवर्क	0%	0%	0%
		लाइनिंग	0.94 %	0.88 %	0%
		संरचनाएं	0.39%	0%	0%
3	बाईं तरफ की मुख्य नहर	अर्थवर्क	0.11%	0.13%	0.06%
		लाइनिंग	1.12%	0%	0.06%
		संरचनाएं	0.22%	2.00%	1.11%
4	भूमि अधिग्रहण	-	0.22%	0%	0.004%
5	पुनर्बहाली और पुनर्वास	-	3.47%	3.50%	1.06%

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान परियोजना को घटक-वार और वर्ष-वार केन्द्र और राज्य सरकार दिया गया वित्तपोषण निम्नवत है:-

क्र.सं.	**घटक**	**पोलावरम सिंचाई परियोजना को उपलब्ध कराई गई धनराशि (करोड़ रु.)**			**कुल (करोड़ रु.)**
		2021-22	**2022-23**	**2023-24**	
	केंद्रीय अनुदान				
1	हेडवर्क्स	623.17	1,217.43	20.66	1,861.26
2	बाईं तरफ की मुख्य नहर	0	0	20.39	20.39
3	दाहिनी तरफ की मुख्य नहर	0	0	0	0
4	भूमि अधिग्रहण (लैंड एक्यूजिशन)	0	7.04	318.84	325.88
5	पुनर्बहाली और पुनर्वास (रिहैबीलिटेशन और रि-सैटलमेंट)	1,236.16	422.38	12.50	1,671.04
6	स्थापना	17.37	24.38	307.20	348.95
	कुल	**1,876.70**	**1,671.23**	**679.59**	**4,227.52**
	राज्य वित्तपोषण				
	कुल वित्त पोषण	**2,635.83**	**906.03**	**274.93**	**3,816.79**
	कुल योग	**4,512.53**	**2,577.26**	**954.52**	**8,044.31**

(ग): इस समय मूल्यांकित की गई समय-सीमा के अनुसार, परियोजना का चरण -1, अर्थात ईएल 41.15 मीटर के न्यूनतम ड्रॉ डाउन स्तर तक जल भंडारण करने के कार्य को, मार्च, 2026 तक पूरा किया जाना निर्धारित किया गया है।

(घ): पोलावरम परियोजना प्राधिकरण ने अगस्त, 2021 में, आईआईटी, हैदराबाद को परियोजना के थर्ड पार्टी मूल्यांकन का कार्य दिया था। जिसमें संस्थान के कार्यक्षेत्र में विलंब के कारणों का पता लगाना के कार्य को भी शामिल किया गया था। आईआईटी, हैदराबाद द्वारा नवंबर, 2021 में प्रस्तुत की गई उसकी रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के प्रमुख कारणों के रूप में निर्माण एजेंसी में बदलाव, भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास और पुनर्स्थापन की धीमी प्रगति और कोविड-19 महामारी और इससे संबंधित परिस्थितियों को चिह्नित किया गया था।

**